# कैंसिल चेक से उड़ाए लाखों, व्यापारी से हाईटेक ठगी

## बैंकिंग सुरक्षा पर उठ रहा सवाल




जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। ठगों की नई-नई चालों ने अब बैंकिंग सिस्टम के साथ आम लोगों की नींद उड़ा दी है। दंतेवाड़ा जिले के किरन्दुल निवासी व्यापारी सरोज कुमार घोष के साथ 'कैंसिल' चेक के जरिए की गई ठगी ने सभी को चौंका दिया। धरमाऊर स्थित पोल फैक्ट्री संचालक सरोज कुमार को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को श्रीराम फाइनेंस का वरिष्ठ अधिकारी आर.के. सिन्हा बताते हुए 25 लाख रुपये के ओवरड्राफ्ट लोन का लालच दिया।

बातचीत के बाद वेरिफिकेशन के नाम पर कुंदन शर्मा नामक व्यक्ति फैक्ट्री पहुंचा। उसने व्यापारी के सामने ही चेक पर अपनी कलम से 'कैंसिल्ड' लिखवाया, जिससे भरोसा और गहरा हो गया। व्यापारी को लगा कि कैंसिल चेक से कोई नुकसान नहीं हो सकता। लेकिन कुछ ही घंटों में ठगों ने रसायन या विशेष तकनीक से कैंसिल्ड शब्द गायब कर दिया और चेक से 1 लाख 99 हजार 700 रुपये नकद निकाल लिए। मैसेज आते ही पीड़ित बैंक पहुंचा, जहां ठगी का खुलासा हुआ। परपा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फर्जी अधिकारी बनकर रचा जाल**

ठगों ने खुद को नामी फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताकर पहले भरोसा जीता। बड़े लोन का लालच देकर व्यापारी को बातचीत में उलझाया गया और फिर वेरिफिकेशन के नाम पर मौके तक पहुंचकर चेक हासिल किया गया। यह ठगी पूरी तरह सुनियोजित और पेशेवर तरीके से अंजाम दी गई।

**कैंसिल चेक भी हो सकता है खतरनाक**

यह मामला बताता है कि कैंसिल्ड लिखा चेक भी सुरक्षित नहीं है। ठग केमिकल या तकनीक से शब्द मिटाकर चेक का दुरुपयोग कर सकते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति या फोन कॉल पर चेक, दस्तावेज या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

# बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस




जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण की उपस्थिति में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद राष्ट्रगान व ध्वज को सलामी दी गई। वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पुराने इतिहास,उपलब्धियों पर मंथन किया और देश निर्माण में पार्टी का अहम योगदान पर प्रकाश डाला।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ध्वजारोहण पश्चात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में हुई थी और भारत की आजादी हासिल करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया। जेल गए और कठिनाइयों का सामना किया। 1920 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पूरी तरह से एक जन आंदोलन में बदल गई। 1920 में असहयोग आंदोलन, 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के ज़रिए, कांग्रेस ने ब्रिटिश सत्ता की जड़ों पर हमला किया। 1929 में लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस ने पहली बार आधिकारिक तौर पर पूरी आजादी की मांग की। आखिरकार 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हो गया। कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई को कामयाबी से पूरा किया। आजादी के बाद भी कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को लीड किया और एक मॉडर्न इंडिया की नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की लीडरशिप में रखी गई। आज केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण करने का जो कार्य किया जा रहा है इसका विरोध करते हुए कांग्रेस नेताओं ने इसे केवल योजना का नाम बदलना नहीं, बल्कि कानून के तहत मिलने वाले श्रम अधिकारों और रोजगार की गारंटी को खत्म करने का प्रयास कहा। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कांग्रेस का यह स्थापना दिवस पार्टी के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र में उनके योगदान को याद करने का अवसर है। हमारा संकल्प है कि नफ़रत, अन्याय और तानाशाही के ख़िलाफ़ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई कांग्रेस पार्टी और अधिक मज़बूती से लड़ेंगे। पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने कहा कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आजादी के बाद देश को नई दिशा दी और विकास का रास्ता दिखाया। नतीजतन आज भारत का नाम विश्व के अग्रिम देशों में शुमार है। इस दौरान बड़ी संख्यां में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# भव्य कलश यात्रा संग श्रीरामकथा का शुभारंभ, जयकारों से गूंजा नगर



जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। नगर में रविवार को श्रीरामकथा का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। इस पावन अवसर पर दंतेश्वरी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो गाजे-बाजे और भक्ति संगीत के साथ गोल बाजार, मेन रोड से होते हुए जगदीश मिल मैदान पहुंची। यात्रा में श्रीराम दरबार की सजीव झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा के साथ चलती नजर आईं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया।

जगदीश मिल मैदान में विशाल पंडाल सजाया गया, जहां विधिवत व्यास पीठ की स्थापना कर मंगलाचरण के साथ श्रीरामकथा का आरंभ हुआ। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कलश यात्रा के दौरान डीजे व भक्ति संगीत की धुन पर महिलाएं और बच्चे झूमते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। विदर्भ से पधारी कथावाचिका अलका श्रीजी ने कहा कि श्रीराम की महिमा अपरंपार है। राम नाम जीवन का आधार है और उनकी कथा का श्रवण मानव को भवसागर से पार कराता है। उन्होंने कहा कि राम भक्ति मन, वचन और कर्म की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है।

**राम के आदर्शों से जीवन होता है धन्य**

कथावाचिका अलका श्रीजी ने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा केवल पुण्य अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा को जाग्रत करने का पथ है। जो श्रद्धालु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं, उनका जीवन सार्थक और धन्य हो जाता है। राम नाम में सूर्य, चंद्र, अग्नि और वायु जैसी शक्तियां समाहित हैं।

**गुरु-शिष्य परंपरा पर दिया विशेष संदेश**

कथा के दौरान अलका श्रीजी ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राम नाम का जाप और राम कथा का श्रवण जब भी अवसर मिले, अवश्य करना चाहिए। इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और संस्कार मजबूत होते हैं।

# सनातन सम्मान की रक्षा में सड़क पर उतरा भाजयुमो



## सिरहासार चौक में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन

जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। सनातन संस्कृति और साधु-संतों के सम्मान की रक्षा को लेकर रविवार को जगदलपुर शहर के सिरहासार चौक में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता भूपेश बघेल द्वारा साधु-संतों पर की गई। कथित अभद्र टिप्पणी तथा टी. एस. सिंहदेव द्वारा मुगलों के महिमामंडन के विरोध में पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा साधु-संतों और सनातन संस्कृति के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय आस्था और परंपरा पर सीधा आघात है। भाजपा और भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे किसी भी कृत्य को कभी स्वीकार नहीं करेगा। सनातन संस्कृति हमारी पहचान और आत्मा है, और उसके सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव संघर्षरत रहेगा। भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज पटेल ने कहा कि सनातन संस्कृति पर किसी भी प्रकार का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिन्दुत्व के ध्वजवाहक एवं कथावाचक, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति नाम पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पर भूपेश बघेल द्वारा अपमान जनक शब्दों का प्रयोग एवं टी.एस. सिंहदेव द्वारा मुगल शासकों को महिमा मंडन करना कांग्रेस की कुंठित मानसिकता को दर्शाता है।

युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं को इस प्रकार की बयानबाजी नहीं करने के लिए चेताया। पुतला दहन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, महापौर संजय पाण्डे, खेमसिंह देवांगन, आर्येन्द्र सिंह आर्य, रजनीश पाणिग्राही, आलोक अवस्थी, दिनेश के.जी. सहित भारी संख्या भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फैलोशिप के क्रिसमस महारैली में उत्साह के साथ शामिल हुए विश्वासी





जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फैलोशिप द्वारा 28 दिसंबर रविवार को क्रिसमस महा रैली का आयोजन किया गया। रैली के मुख्य वक्ता रेव. रविंद्र नाथ थे। रैली की शुरुआत की प्रार्थना बिशप विजय बाघ के द्वारा की गई। मंच का संचालन जितेंद्र सिंह ओर शैलेंद्र शाह के द्वारा किया गया और साथ ही मसीह समाज के सभी चर्च के पास्टर मिशनरी और कलीसिया के लोग उपस्थित थे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पास्टर विश्वासी मौजूद थे। क्रिसमस रैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह था और शहर के विश्वासी लोग भी हाथों में तख्ती और बैनर लेकर नगर वासियों को यीशु मसीह के शांति और प्रेम का संदेश देते हुए आगे जा रहे थे। विभिन्न चर्चों के बच्चों के द्वारा मसीह गीत के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। रैली के दौरान अन्य समाजों के लोगों के द्वारा पानी और बिस्किट का वितरण भी किया गया। इस दौरान ग्रामीण और शहरी मिशनरी व कलीसिया के लोग भी काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में रेव.विजय बाघ के आशीष वचन से सभा समाप्त की गई।

# मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का विरोध



## नगरनार ब्लॉक के विभिन्न मंडलों में किया गया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में देश के प्रतिष्ठित जनकल्याणकारी योजना मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में नगरनार ब्लॉक के मड़पाल मंडल,कुम्हली,मंडल कस्तूरी, आड़ावाल मंडल के गरावन्डकला मंडल व घाटपदमुर मंडल के तीतरगांव में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा केंद्र और राज्य सरकार ने मिलीभगत से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम और नियम बदलकर लोगों के अधिकारों तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और पूरा देश इस नाम और नियम परिवर्तन का विरोध करेगा। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। उन्होंने मौजूदा सरकार पर उनके नाम के साथ खिलवाड़ करने और मनरेगा का नाम %वी बी राम जी मनरेगा% रखने का आरोप लगाया। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि महात्मा गांधी का अपमान है, जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। नगरनार कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ने कहा है कि मनरेगा योजना से गांधी जी का नाम हटाना उनकी विचारधारा एवं राष्ट्रपिता के सम्मान पर सीधा हमला है, और यह केंद्र सरकार की ओछी राजनीति का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है केंद्र सरकार ने इस योजना का नाम बदलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम का अपमान तो किया ही है, साथ में इसे कमजोर भी कर दिया है। कांग्रेस पार्टी गरीब व असहाय लोगों के अधिकारों के लड़ाई से कभी पीछे नही हटेगी। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात



जगदलपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर जिले के प्रत्येक बूथ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 129 वां संस्करण सुना गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने भानपुरी मण्डल के अन्तर्गत ग्राम करन्दोला के बूथ क्रमांक 253 में ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का श्रवण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देते हैं। मन की बात कार्यक्रम रोचक व ज्ञानवर्धक है, साथ देश की करोड़ों करोड़ जनता से सीधे संवाद स्थापित करने का माध्यम भी है। हम सभी प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत करें। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बकावण्ड मण्डल के ग्राम गुमडेल में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना। वही शहरी क्षेत्र के वार्डों में बूथवार भाजपा कार्यकर्ता आमजनों को जोड़कर मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन सुना। जिसके लिये भाजपा संगठन द्वारा प्रत्येक बूथ में मन की बात कार्यक्रम हेतु प्रभारी व मुख्य अतिथि भी बनाये गये थे। वही पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने छत्रपति शिवाजी वार्ड में मन की बात कार्यक्रम सुना।

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com